# उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

रायपुर–थानों मार्ग, निकट महाराणा प्रताप स्पोर्टस कॉलेज, रायपुर, देहरादून
वेबसाइट–www.sssc.uk.gov.in E-mail: chayanayog@gmail.com

पत्रांकः 1875 / स्था0 / विज्ञप्ति / 2026–27 दिनांकः 11 सितम्बर, 2026

## ।। विज्ञप्ति ।।

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग में आवश्यक विभागीय कार्यों के सुगम संचालन के लिये संविदा के माध्यम से विधि अधिकारी के 01 पद हेतु विज्ञप्ति दिनांक 19.01.2026 को जारी की गई थी। आयोग के विशिष्ट कार्यों के अनुरूप उक्त पद की नियुक्ति की आवश्यकता की पुनर्समीक्षा किए जाने के पश्चात भर्ती प्रक्रिया की शर्तों, पात्रता अथवा चयन प्रक्रिया में आवश्यक संशोधन किए जाने के कारण पूर्व विज्ञप्ति पत्र संख्याः 4067 / अधिष्ठान / विज्ञप्ति / 2025–26, दिनांक 19.01.2026 को निरस्त करते हुये विधि अधिकारी के 01 पद हेतु पुनः विज्ञप्ति प्रकाशित की जा रही है।

विधि अधिकारी पद हेतु न्यूनतम योग्यताएं / अर्हतायें तथा सेवा शर्तें निम्नानुसार है–

| क्र0 स0 | पदनाम | पारिश्रमिक / नियत मानदेय | भर्ती का स्त्रोत | पदों की संख्या | पद हेतु न्यूनतम योग्यता / अर्हता |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | विधि अधिकारी | **रू0 60000.00 / प्रतिमाह** (आउटसोर्स के माध्यम से लिये जाने की स्थिति में सर्विस चार्ज + जी0एस0टी0 अतिरिक्त) | संविदा | 01 | **शैक्षिक योग्यता / अर्हता–** (1) विधि स्नातक हो।<br>(2) बार कांउसिल ऑफ इंडिया / उत्तराखण्ड में पंजीकृत हो।<br>(3) किसी क्रिमिनल केस में स्वंय की संलिप्तता न हो तथा किसी प्राधिकारी के द्वारा अनुशासनात्मक कार्यवाही न की गई हो।<br>(4) कार्यभार ग्रहण करते समय मानदेय व दैनिक वेतन के रूप में अन्यत्र कार्य न कर रहा हो तथा कहीं अन्य न्यायालय में विधिक सेवा न दे रहा हों।<br>**आयु सीमा–** न्यूनतम 30 वर्ष।<br>**अनुभव–** (1) मा0 उच्च / उच्चतम न्यायालय में कम से कम 02 वर्षों का सेवा संबंधी प्रकरणों की पैरवी किये जाने का अनुभव।<br>(2) विधिक कार्यों व रिट याचिकाओं के शपथ–पत्र तैयार करने का अनुभव तथा कार्मिक सेवा व भर्ती संबंधी नियमों, प्रक्रियाओं की पर्याप्त जानकारी।<br>**कार्य अवधि–** यह नियुक्ति नितान्त अस्थाई व मात्र 11 माह के लिए होगी तथा कभी भी बिना नोटिस समाप्त करने का अधिकार आयोग का होगा। आयोग के संवेदनशील कार्य प्रणाली के अनुरूप कार्य करने पर सेवायें विस्तारित की जा सकती है।<br>**कार्य स्थल–** उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग कार्यालय। |
| कुल | | | | 01 | |

उपरोक्त पद पर आवेदन हेतु **प्रारम्भ तिथि 14.09.2026 तथा अन्तिम तिथि 30.09.2026** निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। अभ्यर्थी उक्त पद हेतु **केवल ऑफलाईन माध्यम से आवेदन** कर सकेंगे। आवेदन करने के इच्छुक अभ्यर्थी अपेक्षित अनुभव प्रमाण–पत्र, पंजीकरण प्रमाण–पत्र तथा अन्य प्रासंगिक दस्तावेजों की प्रतियां (स्वप्रमाणित), दिये गये प्रारूप के साथ डाक (रजिस्टर्ड / स्पीड पोस्ट) के माध्यम से प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

अभ्यर्थियों को साक्षात्कार की तिथि संबंधी सूचना आयोग की बैवसाईट **sssc.uk.gov.in** पर पृथक से दी जायेगी।

**संलग्न–यथोपरि।**

–Sd–

(एन.एस. डुंगरियाल),

सचिव।

| स्वप्रमाणित नवीनतम फोटोग्राफ |
|---|

## संविदा हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

सेवा में,

सचिव,
उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
रायपुर–थानो मार्ग, निकट महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, रायपुर,
देहरादून।

विषय– **विधि अधिकारी पद हेतु संविदा के माध्यम से आवेदन।**

महोदय,

मैं ..................................................................आपके संस्थान में विधि अधिकारी के पद हेतु संविदा के माध्यम से आवेदन करता/करती हूँ। मैं इस पद के लिए निर्धारित योग्यता और अनुभव को पूरा करता/करती हूँ। मेरे विवरण निम्नानुसार हैं–

**व्यक्तिगत विवरण–**

1. पूरा नाम ..............................................................................
2. पिता/पति का नाम ..............................................................................
3. जन्म तिथि ..............................................................................
4. राष्ट्रीयता ..............................................................................
5. वर्तमान पता ..............................................................................
..............................................................................
6. स्थायी पता ..............................................................................
..............................................................................
7. मोबाइल नं– ..............................................................................
8. ई–मेल– ..............................................................................

**शैक्षिक योग्यता–**

| क्र.सं. | डिग्री | संस्थान का नाम | विश्वविद्यालय का नाम | वर्ष | प्रतिशत/ग्रेड |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |
| 3 | | | | | |

- अनुभव व कौशल– ..............................................................................
..............................................................................
..............................................................................

- विशेष उपलब्धियां– ..............................................................................
..............................................................................
..............................................................................

हस्ताक्षर ........................................

**माननीय न्यायालयी वाद न चलने सम्बन्धी प्रमाण–पत्र**

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कु० ..............................................................का किसी भी माननीय न्यायालय में किसी भी प्रकार का वाद (अपराधिक) नहीं चल रहा है तथा ना ही किसी भी प्रकार का वाद लम्बित है।

हस्ताक्षर ..................................................

नाम ...........................................................

दिनांक ...................................................

**घोषणा**

मैं .............................................................. विधि अधिकारी पद के लिए निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करता/करती हूँ, जैसा कि विज्ञापन/वेबसाइट में उल्लिखित है। निर्धारित आपेक्षित शैक्षिक प्रमाण–पत्र, अनुभव प्रमाण–पत्र तथा अन्य प्रशासनिक दस्तावेजों की प्रतियां (स्वप्रमाणित) संलग्न कर दी गई हैं।

मैं घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्त दी गई सभी जानकारी मेरे ज्ञान के अनुसार सत्य और सही है। यदि कोई जानकारी असत्य पाई जाती है तो मैं इसके लिए पूर्ण जिम्मेदार रहूँगा/रहूँगी।

हस्ताक्षर ......................................................

नाम ...............................................................

दिनांक ........................................................